ट्रैकमैन की सूझबूझ से कुमता और होन्नावर के बीच कोंकण रेलवे लाइन पर एक बड़ी दुर्घटना टल गई। ट्रैकमैन महादेव की नजर ट्रैक ज्वाइंट की अधूरी वेल्डिंग पर पड़ी। उस समय तिरुअनंतपुरम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस इस मार्ग पर आ रही थी।

जनहितैषी

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्षः29 अंकः267 दिनांकः08-09-2024 रविवार मूल्यः1 रूपया 50 पैसा पृष्ठः4 अहमदाबाद M

राजस्थान के जोधपुर में वायुसेना के सबसे बड़े युद्धाभ्यास के तहत शनिवार को ओपन डे शो हुआ। इस दौरान भारतीय लडाकू विमानों सुखोई-30 व तेजस और हेलिकाप्टर प्रचंड ने आसमान में करतब दिखाए।

बाढ़, बारिश और बर्बादी की अंतहीन दास्तान

मानसून का तांडवः उजड़ते घर-कस्बे-शहर, हर साल एक जैसी तबाही...

पानी में डूबे देश के 15 हजार करोड़!

-भारत में औसतन हर साल बाढ़ से 75 लाख हेक्टेयर भूमि प्रभावित... 1600 लोगों की जाती है जान

-बाढ़ के कारण फसलों व मकानों तथा जन-सुविधाओं को होने वाली क्षति औसतन 1805 करोड़ रुपए

नई दिल्ली/भोपाल(ईएमएस)। देश में अभी मानसून करीब एक महीने रहेगा। हर साल की तरह इस साल की बारिश भारत के कई हिस्सों के लिए तबाही लेकर आई है। देश की राजधानी दिल्ली समेत कई राज्य बाढ़ की चपेट में रहे। बाढ़ के चलते लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। इससे जान और माल की भारी क्षति हुई है। एक ताजी रिपोर्ट बताती है कि इस बार बाढ़ के चलते देश की अर्थव्यवस्था को 10 से 15 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

चक्रवाती तूफान, बाढ़, बेहिसाब बारिश... हमारी भौगोलिक स्थिति कहें या क्लाईमेट चेंज का असर लेकिन बांग्लादेश, चीन, वियतनाम, पाकिस्तान जैसे एशियाई देशों की तरह भारत दुनिया में बाढ़ की तबाही झेलने के मामले में सबसे खतरनाक जोन वाले देशों में से एक है। दुनिया भर में बाढ़ से जितनी मौतें होती हैं, उसका पांचवा हिस्सा भारत में होता है। देश की कुल भूमि का आठवां हिस्सा यानी तकरीबन चार करोड़ हेक्टेयर इलाका ऐसा है जहां बाढ़ आने का अंदेशा बना रहता है। भारत में 39 करोड़ आबादी बाढ़ के खतरे वाले इलाकों में रहती है। भारत में औसतन हर साल बाढ़ से 75 लाख हेक्टेयर भूमि प्रभावित होती है, 1600 लोगों की जाने जाती हैं तथा बाढ़ के कारण फसलों व मकानों तथा जन-सुविधाओं को होने वाली क्षति 1805 करोड़ रुपए औसतन है। पूरे देश में बाढ़ से तबाही के एक जैसे हालात हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो साल 1952 से 2018 के 65 सालों में देश में बाढ़ से एक लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। 8 करोड़ से अधिक मकानों को नुकसान पहुंचा जबकि 4.69 ट्रिलियन से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ। असम, बिहार, बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्य बाढ़ की तबाही हर साल झेलते हैं।

प्राकृतिक आपदाओं की संख्या बढ़ी

अभी अमेरिका और चीन के बाद प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा नुकसान भारत को ही हो रहा है। 1990 के बाद भारत को कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, 1900 से 2000 के बीच के 100 सालों में भारत में प्राकृतिक आपदाओं की संख्या 402 रहीं, जबकि 2001 से 2022 के दौरान महज 21 सालों में इनकी संख्या 361 रहीं। प्राकृतिक आपदाओं में बाढ़ के अलावा सूखे, भूस्खलन, तूफान और भूकंप को शामिल किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा तबाही बाढ़ से होती है। अकेले बाढ़ कुल प्राकृतिक आपदाओं में 41 फीसदी हैं। बाढ़ के बाद तूफान का स्थान है। एसबीआई का मानना है कि भारत में प्राकृतिक आपदाओं से ज्यादा नुकसान होने की एक बड़ी वजह बीमा का न होना है।

बाढ़ से कितनी बड़ी है तबाही

देश के कई रिवर बेसिन तबाही के इलाके साबित हुए हैं। हर साल सूखे दिनों में लोग अपना आशियाना बनाते हैं और बरसात में आने वाली बाढ़ सबकुछ बहा ले जाती है। इसी के साथ किसानों के खेतों में खड़ी फसल भी तबाह हो जाती है। एशियन डेवलपमेंट बैंक के मुताबिक भारत में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी घटनाओं में बाढ़ सबसे अधिक तबाही का कारण बनती है। प्राकृतिक आपदाओं से देश में होने वाले नुकसान में बाढ़ की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है। अनियमित मॉनसून पैटर्न और कुछ इलाकों में कम और कहीं अधिक बरसात इस तबाही को कुछ इलाकों में और ज्यादा बढ़ा देता है। मकान, कारोबार, फसलों को हुए नुकसान पर एक अनुमान के मुताबिक बाढ़ के कारण भारत में पिछले 6 दशकों में करीब 417 लाख करोड़ का आर्थिक नुकसान हुआ है।

जमीन पर कारगर नहीं हैं उपाय

लगातार मरम्मत के काम और रखरखाव के खर्च के बावजूद हर साल जगह-जगह तटबंध टूट जाते हैं और आसपास के इलाकों में बसे लोगों का सबकुछ बहा ले जाती है बाढ़। बिहार के जल संसाधन विभाग की 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक विभिन्न नदियों पर बने तटबंधों में पिछले तीन दशकों में 400 से अधिक दरारें आई और बाढ़ का कारण बनीं। भले ही, हर साल फिर करोड़ों रुपये लगाकर इनकी मरम्मत होती है लेकिन फिर से मॉनसून आते ही हालात जस के तस हो जाते हैं। एक्सपर्ट मानते हैं कि तटबंधों का निर्माण बाढ़ का टेंपररी समाधान ही है। लेकिन इसके आगे कोई ठोस प्लान नहीं दिखता। 2008 के कोसी फ्लड के वक्त की भारी तबाही के बाद भी तमाम वादे किए गए। मास्टरप्लान, टास्क फोर्स बनाई गई। हर चुनाव में बाढ़ नियंत्रण के बड़े उपायों के वादे होते हैं लेकिन हालात तब भी जस के तस हैं।

दशकों से है समाधान का इंतजार

लगातार बन रहे इन तटबंधों का हाल ये है कि इनसे अब्रा का पानी एक जगह पर रोका जाता है तो दूसरे इलाकों में घुस जाता है और बाढ़ की तबाही नए इलाकों में होने लगती है। प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोग साल के तीन महीने को बाढ़ वाले महीने मानकर ही चलते हैं। बिहार-असम जैसे राज्यों के कई इलाकों में तो लोगों ने आने-जाने के लिए नाव तक खरीदकर रखा हुआ है ताकि बाढ़ के दौरान जरूरी कामकाज के लिए आ जा सकें। खरीफ के सीजन में खेती करना भी कम जोखिमभरा नहीं है इन इलाकों में। क्योंकि हर साल फसल बाढ़ में बर्बाद ही हो जाती है। हर साल सबकुछ गंवाने वाले लोगों को बाढ़ की इस समस्या के स्थायी समाधान का इंतजार दशकों से है।

मप में 10 फीसदी अधिक बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश में 1 जून से 5 सितंबर तक 904.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो वार्षिक मानसून औसत से 10 प्रतिशत अधिक है। आईएमडी के आंकड़ों से पता चला है कि इस अवधि के दौरान राज्य में आमतौर पर 823.9 मिमी बारिश होती है।

आंदोलन करने वाले खिलाड़ियों पर देशद्रोह का मुकदमा हो - संजय सिंह

नई दिल्ली (ईएमएस)। बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि आंदोलन करने वाले खिलाड़ियों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। बता दें कि विनेश फोगाट आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव में जुलाना सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हैं। वहीं बजरंग पूनिया को कांग्रेस ने किसान मोर्चा का चेयरमैन बनाया है। वह फिलहाल चुनाव नहीं लड़ेंगे।

इससे पहले डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने कहा था कि पहलवानों का विरोध ही मुख्य कारण है कि पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय पहलवान पर्याप्त मेडल नहीं जीत सके।

पिछले साल दिसंबर में डब्ल्यूएफआई प्रमुख का पदभार संभालने वाले संजय सिंह ने कहा था कि लगभग एक साल तक चले विरोध प्रदर्शनों से पैदा हुए तनाव के कारण पहलवानों को ओलंपिक की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल सका। करीब 14-15 महीनों तक चले विरोध प्रदर्शनों के कारण कुश्ती पर खिलाड़ियों का ध्यान बहुत कम था, जिससे उनकी तैयारी भी काफी कम थी।

वैन और ट्रक की टक्कर में 17 की मौत

हाथरस (ईएमएस)। यूपी के हाथरस जिले में शुक्रवार देर शाम वैन और ट्रक की टक्कर में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) निपुण अग्रवाल ने कहा, ''आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस ने आगे निकलने की कोशिश में वैन को टक्कर मार दी।'' यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर कंवरपुर गांव के पास हुई। यात्री हाथरस से आगरा जा रहे थे।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान इरशाद (25), मुन्ने खान (55), मुस्कान (16), टल्ली (28), तबस्सुम (28), नजमा (25), भोला (25), खुशबू (25), जमील (50), छोटे (25), अयान (दो), सुफियान (एक), अल्फाज (छह), शोएब (पांच) और इशरत (50) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग हाथरस से आगरा जा रहे थे। एसपी ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है और चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, दो और मृतकों की पहचान अप्पी (2) और गुलशन के रूप में हुई है जिनका अलीगढ़ के एक अस्पताल में उपचार हो रहा था। हाथरस के जिला अधिकारी आशीष कुमार ने शनिवार को बताया कि 16 लोगों का उपचार हो रहा है जिनमें से 11 का हाथरस में और पांच लोगों का उपचार अलीगढ़ में किया जा रहा है।

10 वर्षीय बेटी के साथ रेप का केस दर्ज कराने पहुंचे माता-पिता को पुलिस ने पीटा

चेन्नई (ईएमएस)। तमिलनाडु में 10 वर्षीय बेटी के साथ रेप की शिकायत करने थाने पहुंचे माता पिता की अन्ना नगर की महिला पुलिस निरीक्षक ने पिटाई की। उन्हें रातभर थाने में ही रखा गया। मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया।

पीड़िता, एक सरकारी स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा है। पड़ोस में पानी के डिब्बे बेचने वाले आरोपी सतीश ने उसके साथ कई बार रेप किया। 31 अगस्त को एफआईआर दर्ज होने के बावजूद उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। लड़की के पिता एक निर्माण मजदूर हैं और उसकी मां एक रसोइया है।

हालांकि यह घटना 29 अगस्त को प्रकाश में आई और मामला 31 अगस्त को दर्ज किया गया। बच्ची या उसके परिवार से जिला बाल संरक्षण अधिकारी (डीसीपीओ) या बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के किसी भी सदस्य ने संपर्क नहीं किया।

29 अगस्त को शाम को लड़की की मां काम से लौटी। उन्होंने पाया कि उनकी बेटी के पेट में दर्द है। वह जोर-जोर से कराह रही थी। वह उसे एक निजी क्लिनिक में ले गई, जहां एक डॉक्टर ने जांच की और बताया कि उसके साथ बलात्कार हुआ है। लड़की को किलपौक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (केएमसीएच) रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि उसके साथ बार-बार यौन उत्पीड़न किया गया था।

केएमसीएच अधिकारियों के सूचित किए जाने पर, अन्ना नगर की सभी महिला पुलिस टीम ने अस्पताल का दौरा किया। नियमों के विपरीत, इंस्पेक्टर राजी ने मां से अपना आधार कार्ड और अन्य विवरण थाने में लाने को कहा और बच्ची से पूछताछ की।

पीड़िता ने बाद में अपनी मां को बताया कि उसने पुलिस को सतीश का नाम इसलिए नहीं बताया क्योंकि उसने उसके माता-पिता और उसकी छोटी बहन को खत्म करके उसे अनाथ करने की धमकी दी थी। पीड़िता से पूछताछ के बाद, इंस्पेक्टर ने उसके माता-पिता को थाने बुलाया, जहां उन्हें अगले दिन तड़के तक रुकने के लिए कहा गया।

लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंज़िला इमारत ढही, एक व्यक्ति की मौत, 13 लोग घायल

लखनऊ (ईएमएस)। लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंज़िला इमारत ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है, जिसके लिए रेस्क्यू टीमें काम कर रही हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार इस घटना पर अधिकारियों से संपर्क में हैं। बल्डिंग एक ट्रक के ऊपर गिरी है। ट्रक का बुरा हाल हो गया है। जानकारी के मुताबिक, हादसा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुआ है। इस घटना के बाद आस-पास के इलाके में खलबली मच गई है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के बचाव दल को राहत कार्य के लिए भेजा गया है और दल मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के काम में लगे हैं। घटना में घायल हुये 10 व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा की चिंगारी..5 लोगों की मौत

नई दिल्ली (ईएमएस)। मणिपुर के जिरिबाम जिले में हाल की हिंसा की लहर में करीब 5 लोगों की मौत हुई है। यह घटना मणिपुर में उग्रवादियों द्वारा बिष्णुपुर में दो स्थानों पर रॉकेट दागने के एक दिन बाद हुई, जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए थे। मणिपुर में तैनात एक सुरक्षा बल के अधिकारी ने बताया कि हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। सुरक्षा बल अधिकारी ने कहा, सुबह उग्रवादियों ने एक गांव में घुसकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हुई। यह हत्या जातीय संघर्ष का हिस्सा है। गोलीबारी अभी भी जारी है। हमें रिपोर्ट मिली है कि मृतक कुकी और मैतेई दोनों समुदायों से हैं।

मणिपुर में पिछले डेढ़ साल से कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय संघर्ष जारी है। लेकिन हाल के दिनों में स्थिति में गंभीर वृद्धि देखी गई है, विशेषकर पिछले पांच दिनों में जब एक नई लहर की हिंसा सामने आई है। बिष्णुपुर में एक बुजुर्ग की हत्या के कुछ घंटे बाद, इंफाल में भीड़ ने 2 मणिपुर राइफल्स और 7 मणिपुर राइफल्स के मुख्यालयों पर हथियार लूटने का प्रयास किया। हालांकि, सुरक्षा बलों ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया।

शुक्रवार को हुए हमले को मणिपुर में रॉकेट के इस्तेमाल का पहला ज्ञात मामला बताया गया है। यह हमला ड्रोन के हथियार के रूप में इस्तेमाल होने के छह दिन बाद हुआ। मणिपुर पुलिस ने कहा कि कुकी उग्रवादियों ने लंबी दूरी के रॉकेट का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि रॉकेट करीब चार फीट लंबे थे। विस्फोटक को गैल्वनाइज्ड आयरन (जीआई) पाइप में भरकर एक देसी रॉकेट लांचर में फिट किया गया और एक साथ फायर किया गया। प्रोजेक्टाइल को लंबी दूरी तक ले जाने के लिए, आतंकवादियों को विस्फोटकों की मात्रा को बदलना पड़ता है। ऐसा लगता है कि वे शांति के महीनों के दौरान इसका अभ्यास कर रहे थे।

बढ़ती हिंसा को देखकर मणिपुर प्रशासन ने राज्य भर के सभी शैक्षणिक संस्थानों को शनिवार को बंद रखने का आदेश जारी किया है। मणिपुर में कुकी और मैतेई के बीच संघर्ष के दौरान उग्रवादियों ने नई तकनीकों जैसे कि ड्रोन और रॉकेट का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इससे हिंसा की स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जबकि राइफल और ग्रेनेड का इस्तेमाल भी जारी है।

सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के तीन बंकर नष्ट किए, दहशत में लोगों

बिष्णुपुर जिले में बम हमलों से उत्पन्न अशांति के मद्देनजर मणिपुर सरकार ने शनिवार को स्कूल बंद रखने की घोषणा की।

पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर में गिरा रॉकेट एक इम्प्रोवाइज्ड रॉकेट लग रहा था। सुरक्षा बल अधिकारी ने बताया, बुजुर्ग व्यक्ति परिसर में कुछ धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी कर रहा था, तभी बम फट गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस बीच, घाटी स्थित नागरिक निकायों के एक समूह, मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने तत्काल प्रभाव से इंफाल घाटी के पांच जिलों में सार्वजनिक आपातकाल की घोषणा कर दी है। इंफाल घाटी के पांच जिलों में हजारों लोगों ने उग्रवादियों के हमलों का विरोध करने के लिए मानव श्रृंखला बनाई।

बात दें कि मणिपुर के बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिले के इलाकों में कई ड्रोन दिखाने के बाद लोगों ने अपने घरों की लाइटें बंद कर दीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में इंफाल पश्चिम जिले में दो स्थानों पर लोगों पर बम गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना, नाम्बोल कामोंग और इंफाल पूर्वी जिले के पुखाओ, दोलाईथाबी, शांतिपुर में कई ड्रोन दिखाई दिए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। घबराए ग्रामीणों ने घरों की लाइटें बंद कर दीं।

वहीं जिरीबाम जिले में शनिवार सुबह हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह सो रहा था, वहीं बाद में हुई गोलीबारी में चार हथियारबंद लोग मारे गए। उग्रवादी जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर एक सुनसान स्थान पर अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में घुसे और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि हत्या के बाद जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर पहाड़ियों में युद्धरत समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन पहाड़ी उग्रवादियों सहित चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई।

नाच-गाकर टीवी सितारों ने किया बप्पा का अपने घर में स्वागत

मुंबई (ईएमएस)। गणेश चतुर्थी के पावन मौके पर आम से लेकर खास तक के घरों में बप्पा का आगमन हो रहा है। धूमधाम से गणपति का स्वागत किया जा रहा है।भारतीय हास्य कलाकार भारती सिंह भी बहुत उत्साह के साथ गणपति बप्पा को अपने घर में लाई है। वहीं अभिनेत्री अंकिता लोखंडे और अभिनेता अर्जुन बिजलानी भी बड़े उत्साह के साथ उत्सव में शामिल हुए हैं।

भारती ने बप्पा को घर विराजमान करने के बाद कहा कि मैंने अपने शो लाफ्टर शेफ के लिए भगवान से समय बढ़ाने की प्रार्थना की थी और समय मिल गया। हम बहुत खुश हैं, बप्पा ने हमारे जीवन में खुशियां भर दी हैं। उन्होंने बप्पा के साथ अपने खास संबंध का वर्णन कर कहा, गणपति की मूर्ति कितनी भी भव्य क्यों न हो, आप उन्हें हमेशा एक बच्चे के रूप में ही देखते है। मैं बहुत भावुक हो जाती हूं, हम बच्चे जैसे गणेश को घर ला रहे हैं। गोला 3 साल का हो गया है और आज वह तीसरी बार गणपति बप्पा को घर लाने के लिए मेरे साथ आया है।

वहीं अंकिता और उनकी मां को मुंबई में गणेश की मूर्ति लाने के लिए पंडालों में जाते हुए देखा गया। अंकिता ने बताया कि जब गणपति बप्पा आते हैं, तब खुशियां लेकर आते हैं। मैं पूरे दिल से कामना करती हूं कि आपकी जो भी इच्छाएं हैं, वे पूरी हों। गणपति बप्पा मोरया.. । वहीं संभावना सेठ भी अपने पति अविनाश द्विवेदी के साथ बप्पा को घर ले गईं।

इसके अलावा टेलीविजन अभिनेता अर्जुन पत्नी नेहा और उनके बेटे अयान के साथ अपने घर के लिए गणेश की मूर्ति चुनने के लिए मुंबई के पंडालों में गए। चमकीले पीले रंग का कुर्ता-पायजामा पहने बिजलानी ढोल की थाप पर खूब नाचे। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह, मैं बहुत उत्साहित हूं, जब भी बप्पा आते हैं, तब एक अनोखा सकारात्मक वातावरण को भर देते है।

अब, हम उन्हें घर ले जाएंगे, और वे तीन दिनों तक हमारे साथ रहेंगे, इन तीन दिन हम उनकी भक्ति के साथ सेवा करेंगे। बिजलानी ने भगवान गणेश के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा जाहिर कर कहा, मेरे लिए, गणपति बप्पा ही सब कुछ हैं, सच्ची शांति, घर, और हमारे पास जो कुछ भी है, वह उनके आशीर्वाद के कारण है।

वे 145 दिन........जब मैंने हर मिलने वाले से कुछ न कुछ सीखा

राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर अपनी यादें साझा कीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर अपनी यादें साझा की। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की खूबसूरती सिखाई। जयकारे लगाती भीड़ और नारों के बीच, मैंने शोर को अनदेखा करके अपने करीब चल रहे व्यक्ति पर पूरा ध्यान केंद्रित करने और वास्तविकता सुनने की शक्ति हासिल की।उन्होंने लिखा, उन 145 दिनों में और उसके बाद के दो सालों में, मैंने अलग-अलग पृष्ठभूमि से आए हजारों भारतीयों को सुना है। हर आवाज में ज्ञान छिपा है, मुझे कुछ नया सिखाया है और हर आवाज ने हमारी प्यारी भारत माता का प्रतिनिधित्व किया है। राहुल गांधी ने लिखा, इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय लोग स्वाभाविक रूप से प्रेमपूर्ण होते हैं। राहुल गांधी ने पोस्ट कर बताया कि मैंने यह यात्रा शुरू की थी, तब मैंने कहा था कि प्रेम घृणा को जीतेगा और आशा भय को परास्त करेगी, आज भी हमारा मिशन सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्रेम की आवाज हमारे प्यारे देश के हर कोने में सुनी जाए।

बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सितंबर 2022 में कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और 4000 किलोमीटर का सफर तय कर कश्मीर पहुंची थी। दूसरी यात्रा ठीक एक साल पहले जनवरी से शुरू हुई थी

और मार्च 2024 तक चली थी। इसके तहत उन्होंने मणिपुर से महाराष्ट्र तक करीब 6200 किलोमीटर की यात्रा की। लोगों का मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी की राजनीतिक छवि को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, जब भारत जोड़ो यात्रा शुरू की गई थी, तब लोग यात्रा को गंभीरता से नहीं ले रहे थे। यात्रा में राहुल गांधी ने बेरोजगारी, किसानों की समस्या, अर्थव्यवस्था की धीमी गति, भ्रष्टाचार और शासन व्यवस्था के मुद्दे उठाए।

शाह की पाकिस्तान को दो टूक........जब तक शांति नहीं, तब तक कोई बातचीत नहीं

आतंकवाद में लिप्त लोगों को जेल से छुड़ाना चाहती हैं कांग्रेस

जम्मू (ईएमएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने बिरादरी ग्राउंड, परौला पहुंचे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, राहुल गांधी को मैं एक बात कहना चाहता हूं कि कितना भी जोर लगा लो गुर्जर, बकरवाल पहाड़ियों और दलितों के आरक्षण को हम हाथ नहीं लगाने देने वाले...जब तक शांति नहीं होगी, पाकिस्तान से कोई बात नहीं होगी। शाह ने कहा, यह संयोग है कि भाजपा की पहली चुनावी रैली गणेश चतुर्थी के दिन शुरू हो रही है। आगामी चुनाव ऐतिहासिक चुनाव हैं। देश की आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के मतदाता तिरंगे के नीचे अपना वोट करने वाले है।

शाह ने कहा हमारी पार्टी ने घर-घर जाकर इनके (नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस) विभाजनकारी एजेंडे के प्रति लोगों को जागरूक किया है। मैंने खुद प्रेस वार्ता कर नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस के विभाजनकारी एजेंडे को उजागर किया था। लेकिन आज मैं आप सब के सामने आया हूं, क्योंकि मैं मीडिया से ज्यादा भरोसा आप पर करता हूं क्योंकि मैं भी आपकी जमात वाला हूं, मैं भी बूथ अध्यक्ष रहा हूं।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा अनुच्छेद-370 हटने से 70 साल के बाद जम्मू कश्मीर की माताओं-बहनों को अधिकार मिला है। एन व कांग्रेस पार्टी ये अधिकार छीनना चाहती है। नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस पार्टी पत्थरबाजी व आतंकवाद में लिप्त लोगों को जेल से छोड़ना चाहती है ताकि जम्मू, पुंछ, राजौरी जैसे क्षेत्र जहां शांति है, वहां फिर से आतंकवाद आए। क्या आप इन क्षत्रों में आतंकवाद को फिर से आने दोगे? जम्मू-कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होना है, जबकि अन्य दो चरण 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस

-शेख खालिद 9-10 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 9-10 सितंबर को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे है। अबू धाबी के युवराज के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। अल नाहयान के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। वे सोमवार को पीएम मोदी से मिलने और द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा करने वाले है। जिसके बाद वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर बाद में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट जाएंगे।

अपनी यात्रा के दूसरे दिन वह एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, इसमें दोनों देशों के बिजनेस प्रमुख हिस्सा ले रहे है। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रिंस की यात्रा मजबूत भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के रास्ते खोलेगी। अल नाहयान के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। 2022-23 में करीब 85 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ यूएई और भारत एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से हैं। प्रधान मंत्री मोदी 14 फरवरी को अबू धाबी की यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने भक्ति मंत्रों के बीच और स्वामीनारायण संप्रदाय के आध्यात्मिक नेताओं की उपस्थिति में अबू धाबी के पहले हिंदू पत्थर मंदिर का उद्घाटन किया था।

मौका मिला तो विनेश फोगाट के खिलाफ करुंगा चुनाव प्रचारः बृजभूषण सिंह

गौंड(ईएमएस)। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने दावा करते हुए कहा है कि विनेश फोगाट को कोई भी भाजपा कार्यकर्ता चुनाव हरा सकता है। उन्होने कुश्ती में जितना नाम कमाया है वो कांग्रेस में जाने से मिट जाएगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यदि पार्टी का आदेश होगा तो विनेश के खिलाफ चुनाव प्रचार करने को भी तैयार हैं। बता दें कांग्रेस ने शुक्रवार को जारी 31 उम्मीदवारों की पहली सूची में जुलाना से विनेश फोगाट को मैदान में उतारा है। पूर्व सांसद ने कहा कि यदि भाजपा कहेगी तो वे भी हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगे।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मुझे उनके समुदाय के लोगों भी भरपूर समर्थन मिलेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि लोकसभा चुनाव के समय हरियाणा के लोग कह रहे थे कि यदि आप यहां से चुनाव लड़ेंगे तो हम आपको जिताएंगे। लेकिन मैंने मना कर दिया। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन कांग्रेस की साजिश थी।

बृजभूषण ने ये बातें गोंडा के विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि इन पहलवानों (विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया) ने कुश्ती में बहुत नाम कमाया लेकिन कांग्रेस में शामिल होने के बाद इनका नाम मिट जाएगा। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि ये लोग राजनीति को हवा समझते हैं। सच ये है कि ये हरियाणा की किसी भी सीट से चुनाव लड़ लें, भाजपा का कोई भी उम्मीदवार इन्हें हरा देगा। उन्होंने कहा कि ये सब करके कांग्रेस ने देश में कुश्ती का बड़ा नुकसान किया। जब पहलवान दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तब गोंडा के नंदिनी नगर में जूनियर और सीनियर लेवल की कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इन लोगों ने विरोध प्रदर्शन करके उस प्रतियोगिता को रद्द करवा दिया था। इसका परिणाम यह हुआ कि जूनियर और सीनियर खिलाड़ी अपनी उम्र में कुश्ती नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि मैंने इस बारे में पहले दिन जो कहा था, आज भी उस पर कायम हूं। आज पूरा देश यही बात कह रहा है। मुझे ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेन्द्र सिंह हुड्डा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मेरे खिलाफ साजिश रची। अब मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बोलूंगा। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि पहलवानों को न्याय दिलाने के नाम पर कई कांग्रेस नेता उनके विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। एक के बाद एक कई पहलवानों को मोहरा बनाया गया।

ट्रेन में यात्रियों की चैकिंग के दौरान मिला दो किलो सोना और पांच लाख नकदी

-विधानसभा चुनाव के चलते रेलवे पुलिस बरत रही सख्ती

अंबाला,(ईएमएस)। हरियाणा के अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में यात्रियों की चैकिंग की जा रही थी। आरपीएफ ने चैकिंग के दौरान एक यात्री के पास दो किलो सोना और दूसरे यात्री से पांच लाख रुपए नकदी बरामद किए। इसकी सूचना तत्काल आयकर विभाग को दी गई इस पर आगे की कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों यात्री अमृतसर के रहने वाले हैं और दोनों ही आभूषण और कपड़े का व्यापार से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं।

विधानसभा चुनावों को लेकर रेलवे पुलिस सख्ती बरत रही है। रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में चेकिंग की जा रही हैं। कल अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा ट्रेनों में चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान एक यात्री से दो किलो सोना और दूसरे यात्री से पांच लाख रुपए नकदी बरामद की गई। जब्त दो किलो सोने की कीमत करीब डेढ़ करोड़ बताई जा रही है। आरपीएफ इंचार्ज जावेद खान ने बताया कि चुनाव के समय कुछ असामाजिक तत्व चुनाव को प्रभावित करने के लिए गड़बड़ियां करते हैं, जिससे चुनाव में दिक्कत आए।

इस बात को मुख्यालय ने गंभीरता से लिया है। चुनाव के समय बोर्डर सील कर दिए जाते हैं, जिसके कारण आपराधिक प्रवृत्ति के लोग ट्रेन से सफर करते हैं क्योंकि ट्रेन आसानी से हर स्टेट को पार करती है। इसीलिए जो टीम तैयार की गई थी, उसी टीम ने ट्रेन में लुधियाना से चलने के बाद चैकिंग की, तो कोच नंबर बी-2 में गगनदीप नाम के युवक की चैकिंग की तो उसके पास से दो किलो सोना बरामद हुआ। पूछताछ की गई तो सोना ले जाने के दस्तावेज उसके पास नहीं मिले जिसमें आरपीएफ ने कार्रवाई करते हुए आयकर विभाग को सूचना दे दी। वह आगे की कार्रवाई कर रहे हैं। उसी कोच में एक ओर व्यक्ति से पांच लाख रुपए कैश बरामद हुआ। चुनाव के समय में दो लाख से ज्यादा कैश नहीं ले जा सकते हैं। इस बारे में उस व्यक्ति से पूछताछ की गई तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। आरपीएफ ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

जन हितैषी

मौत की सजा प्रतिशोध? मृत्युदंड से अपराधों पर नियंत्रण

मौत की सजा हमेशा से विवादों में रही है। इस पर एक बार फिर बहस होने लगी है। मृत्युदंड के मुद्दे पर समाज दो धड़ों में बंटा हुआ है। एक वे लोग हैं, जो इसे न्याय मानते हैं, दूसरी ओर वे लोग हैं, जो इसे प्रतिशोध मानते हैं। मृत्युदंड की सजा की वकालत करने वाले यह मानकर चलते हैं, इससे अपराधों में कमी आएगी। जिन देशों में मृत्युदंड दिया जाता है। वहां पर भी अपराधों में कोई कमी नहीं होती है। वहां पर भी समय के साथ अपराध बढ़ रहे हैं। एक पक्ष इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन मानता है। मौत की सजा अपराधियों को सुधरने का मौका नहीं देती है। यह सिर्फ एक प्रतिशोधात्मक कदम है। जो अपराधी उत्तेजना या क्षणिक आवेश में अपराध का कारण बनता है। वह अपराधी का मूल स्वभाव नहीं होता है। ऐसी स्थिति में उसे सुधरने का मौका दिया जाना ही न्याय संगत होता है। बड़ी संख्या में लोग तर्क देते हैं, जघन्य अपराधों के लिए मौत की सजा जरूरी है। मृत्युदंड का भय अपराधियों में बना रहे, समाज में कानून का सम्मान हो। इससे अपराध कम होंगे। सवाल यह है, कि मृत्युदंड की सजा वाकई अपराध को रोकने में प्रभावी है? आंकड़े बताते हैं, कि उन देशों में जहां मौत की सजा दी जाती है। वहां अपराध की दर में कोई कमी नहीं आई है। इससे स्पष्ट है, कि मृत्युदंड की सजा भी अपराधों को रोकने में प्रभावी नहीं है। जितना मृत्युदंड के समर्थक कहते हैं। मानवाधिकारों के समर्थक मृत्युदंड को अमानवीय मानते हैं। उनका कहना है कि किसी भी स्थिति में इंसान को जीवन से वंचित करने का अधिकार किसी के पास नहीं होना चाहिए। न्यायिक गलतियों के मामले में, मृत्युदंड की सजा और भी खतरनाक साबित हो जाती है। एक बार यदि गलती से भी मृत्युदंड की सजा दे दी गई, तो उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। कई उदाहरण हैं, जहां निर्दोष लोगों को मौत की सजा दी गई, जो बाद में न्यायालयों में गलत प्रमाणित हुईं। हाल ही में कन्हैया लाल की मौत के आरोपी को हाईकोर्ट ने जमानत दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने उसे गलत तरीके से आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था। यदि उस घटना के तुरंत बाद उसे तत्काल न्याय के नाम पर मृत्यु दंड दे दिया जाता, तो क्या उसके साथ न्याय होता, क्या इस तरह से न्यायिक व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाकर रखा जा सकता है?

मौत की सजा के मुद्दे पर बहस जटिल और गहरी है। यह बहस समाज के नैतिक और कानूनी ढांचे के बारे में महत्वपूर्ण सवाल उठाती है। हमारा लक्ष्य अपराधियों को सुधारना है, या उनसे बदला लेना? इसके बारे में सोचना जरूरी है। अपराधों को कम करना है। अपराधों को नियंत्रित करने के लिए और कौन से उपाय हो सकते हैं। इस सवाल का उत्तर खोजने पर ही मौत की सजा के प्रति समाज के दृष्टिकोण को बदला जा सकता है। आध्यात्मिक दृष्टि से बात करें, तो जन्म और मृत्यु पर ईश्वर का अधिकार है। इसमें जब मानवीय हस्तक्षेप बढ़ता है। तो हम ईश्वर के अधिकारों की अवहेलना कर, मनमानी करना शुरू कर देते हैं। अपराधों पर नियंत्रण नैतिकता के आधार पर ही हो सकता है। यदि हम नैतिक हैं, तो अपराध करने से खुद ही अपने आप को रोकते हैं। दंड के कारण कभी अपराधों को रोका नहीं जा सकता है। मानव जीवन में क्षणिक आवेश या परिस्थितिजन्य कई बार ऐसे अपराध हो जाते हैं। जो सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किए जा सकते हैं। जिसके द्वारा अपराध हुआ है, वह अपराधी का मूल स्वभाव नहीं था। अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिए सामाजिक व्यवस्था में दंड का प्रावधान बहुत जरूरी है। दंड इस तरह का होना चाहिए, जिसमें अपराधी को सुधरने का मौका भी हो। उसे दंड मिलेगा, तभी बाकी के लोग अपराध करने से डरेंगे। अपराध करने वाला केवल अपराधी ही नहीं होता है, बल्कि उसमें बहुत से ऐसे गुण होते हैं, जिसके कारण वह समाज का बहुत भला भी कर सकता है। आदतन अपराधी और परिस्थिति जन्य क्षणिक आवेश में अपराध हो जाने पर, अपराधी को सुधरने का मौका देना ही सभ्य समाज का निर्माण संभव है। जेलों का निर्माण इसलिए भी किया जाता है। जहां पर अपराधी को सुधरने का मौका दिया जाए। जिस अपराधी को दंडित किया गया है, वह अपने मानव जीवन में परिवार और समाज के लिए मनुष्य जीवन के कर्म करके कुछ अच्छा भी कर सकता है। अपराध को लेकर उसमें अपराध के प्रति बोध है। दंड के रूप में उसे प्रायश्चित करने का मौका मिलना ही चाहिए। किसी भी जघन्य अपराध में तत्काल फांसी देकर उसका जीवन समाप्त कर देना, एक तरह का प्रतिशोध है। इसे न्याय व्यवस्था का अंग नहीं माना जा सकता है।

दल बदल कानून की प्रासंगिकता?

हरियाणा में 1967 में एक विधायक हुए थे गया लाल। एक दिन में ही कांग्रेस से जनता पार्टी में गए, फिर कांग्रेस में आए। वापस जनता पार्टी में सिधारे और फिर पुनः कांग्रेस में पधारे। उनकी इस क्रांतिकारी पहल ने ऐसी बयार चलाई कि देश में अगले 12 महीने में ही 400 से ज्यादा दल-बदल हुए। 116 दल बदलुओं ने मंत्रिपद का प्रसाद भी पाया। दल बदल विरोधी कानून की जरूरत महसूस कराने का श्रेय इन्हीं गया लाल जी को जाता है।

1972 से 75 का समय छोड़ दें तो राजनीति सारा समय जोड़ तोड़ पर टिकी रही। ऐसे ऐसे कारनामे हुए कि पूछिए मत। घर-घुसड़म्मा शब्द निराकार से साकार होता रहा। बच्चे नाम याद नहीं कर पाते थे और प्रधानमंत्री बदल जाता। एक तो ऐसे भी हुए जिन्होंने बिना संसद का सामना किए ही भूतपूर्व की गति पाई। अंततः1985 में दो तिहाई बहुमत वाली राजीव गांधी की सरकार के कार्यकाल में ही दल-बदल विरोधी कानून लागू हो सका। अपने राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ने , अन्य दल में शामिल होने, पार्टी के पक्ष के विपरीत वोट देने या वोटिंग से अलग रहने जैसे मामलों में जनप्रतिनिधि को अयोग्य घोषित करने जैसे प्रावधान हुए।

सच्चा कानून तो यही होता कि दल बदलते ही बिना किसी किंतु-परंतु के सदस्यता चली जाए। मगर राजनीति एक घर छोड़कर चलती है। क्या पता कब जरूरत पड़ जाए? सो कानून में पतली गलियां रखी गईं। मसलन मूल राजनीतिक दल के दूसरे दल में विलय या दो-तिहाई सदस्यों से ज्यादा की विलय के लिए सहमति पर कानून लागू नहीं होगा। कालांतर में दलबदलू परंपरा में नए आयाम भी जुड़े। अन्य दल में शामिल होकर सौदेबाज़ी की ताक़त नहीं रहती। सो दल तोड़कर नया दल बनाने और समर्थन के लिए सौदेबाज़ी का नया अध्याय शुरू हुआ। आज इसी का बोलबाला है।

कानून में सदन के अध्यक्ष को सदस्य की अयोग्यता को लेकर फैसला करने का अधिकार हैं। वे दिन गए जब अध्यक्ष पार्टी निष्ठा त्याग निष्पक्ष रूप से कार्य करता था। आज उसका अपनी पार्टी के मामले में निष्पक्ष रहना कल्पना से परे है। अध्यक्ष द्वारा फैसला सुनाने की कोई समय सीमा निश्चित नहीं है। फैसला लटकाकर अदालत जाने का दरवाजा मजे से रोका जा सकता है। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस के विभाजन का घटनाक्रम ताजा उदाहरण है। चुनाव सुधारों पर गठित दिनेश गोस्वामी कमेटी की सिफारिश है कि अयोग्यता पर फैसले का अधिकार राष्ट्रपति या राज्यपाल को हो जो चुनाव आयोग की सलाह पर काम करे। मगर संवैधानिक पदों की गरिमा का जैसा अवमूल्यन हुआ है उसके चलते लगता नहीं कि ऐसी सिफारिश लागू होने पर भी परिस्थितियां बदलेंगी।

आज राजनीति सेवा नहीं व्यवसाय है और चुनाव इंवेस्टमेंट। चनावी खर्च की निर्धार्रित सीमा देख कर हंसी आती है। प्रत्याशियों द्वारा दिए खर्च का ब्यौरा मसखरी लगता है। पार्टी और विचारधारा के प्रति निष्ठा के दिन लद गए हैं। व्यक्तिगत लाभ के लिए पाला बदलने में नेता दो मिनट भी नहीं लगाते। चुनाव में पैसा लगाया है तो निकालना तो पड़ेंगा न? इसी कार्यकाल में। फिर मौका मिले या नहीं?

240 की संख्या पर रुक गई केंद्रीय भाजपा सरकार छोटी पार्टियों के समर्थन पर मजबूर है। स्पष्ट बहुमत नहीं है मगर बिना विचार विमर्श निर्णय लेने की संसदीय निरंकुशता क़ायम है। अंग्रेजी कहावत है : ओल्ड हैबिट्स डाई हार्ड। पुरानी आदतें जल्दी नहीं जातीं। कदम उठाते हैं कि वापस लेना पड़ता है। कलेजा छटपटाता हैः ऐसा कब तक चलेगा? दूसरों के घर तोड़कर खुद का घर बसाने की उसकी क्षमता दस सालों में दसियों बार साबित हुई है। कम सदस्यों वाली पार्टियों में दल-बदल कराना बनिस्बत सरल भी है। इसलिए समर्थक दल सशंकित हैं। जाने कब यह आग उनके अपने दरवाजे तक पहुंच जाए? जब तब असंतोष दिखा देते हैं। मगर सत्ता की गोंद चिपकाए हुए है।

दलीय चुनावी प्रक्रिया में मतदाता व्यक्ति नहीं बल्कि पार्टी की विचारधारा को वोट देता है। वरना पार्टियों की टिकट के लिए यूं मारामारी न होती। सदन निर्दलीयों से भरे होते। अपने जनप्रतिनिधि के दल बदलने पर भौंचक मतदाता स्वयं को ठगा महसूस करता है। सोचता है, उस विचारधारा का क्या हुआ जिसके खिलाफ या समर्थन में उसने वोट दिया था?

हिमाचल सरकार ने दलबदलू विधायकों को पेंशन न देने का विधेयक पास किया है। दगाबाजों को जनता की गाढ़ी कमाई से पैंशन पाने का अधिकार होना भी नहीं चाहिए। कदम सराहनीय है मगर पर्याप्त नहीं। दल बदल के फायदों के सामने पेंशन की हैसियत मूंगफली से ज्यादा नहीं है।

सवाल लाजिमी है : क्या दल बदल कानून वर्तमान स्वरूप में प्रासंगिकता खो चुका है? जवाब यकीनन हां होगा। कानून प्रभावी होता तो दलबदल कब का रुक गया होता। यह व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए मतदाता से किया गया प्रजातांत्रिक विश्वासघात है। इसके लिए बिना किसी किंतु परंतु के सदन से अयोग्यता के अलावा कोई भी सजा कम है। अगर नेता को मुगालता है कि उसे जनमत पार्टी विचारधारा नहीं बल्कि खुद की लोकप्रियता के दम पर मिला है तो जाए और पुनः जनमत प्राप्त करे। चुनाव में हुए सरकारी खर्च का समानुपातिक व्यय वसूल करने जैसी कड़ी शर्त भी रखी जा सकती है। अगर ऐसे कड़े प्रावधान नहीं बने तो दल-बदल धर्म के आराध्य देव गयालाल जी की बनाई यशश्वी परंपरा सदैव कायम रहेगी। (लेखक- चैतन्य भट्ट/ ईएमएस)

भारत विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के आंकडें जारी कर दिए गए हैं एवं हर्ष का विषय है कि भारतअभी भी विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2023) में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज हुई थी तथा पिछली तिमाही (जनवरी मार्च 2024) में वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत की रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रेल-जून 2024 तिमाही में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। पिछले लगातार 5 तिमाही के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में यह सबसे कम वृद्धि दर है। हालांकि चीन में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज हुई है तथा विश्व की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर भारत की तुलना में अभी भी बहुत कम बनी हुई है।

भारत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में कम हुई वृद्धि दर के पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण बताए गए है। प्रथम तो इस तिमाही में लोक सभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं जिसके चलते आम जनता ने अपने खर्चे को रोक रखा था। साथ ही, लोक सभा चुनाव के समय केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा कोई भी बड़ा निर्णय नहीं लिया जा सकता है जिसके चलते सरकारों को अपने खर्चों को नियंत्रण में रखना होता है, इससे देश की विकास दर पर प्रभाव पड़ता है। दूसरे, इस तिमाही के दौरान देश में अत्यधिक गर्मी के चलते पर्यटन एवं कृषि के क्षेत्र में विकास दर अत्यधिक कम हो गई है। कृषि के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में वृद्धि दर केवल 2 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 3.7 प्रतिशत की रही थी। परंतु, वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में मानसून ने लगभग पूरे देश में तेज गति पकड़ ली है अतः विभिन्न फसलों के बुआई के क्षेत्र में अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है इसलिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय एवं तृतीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर एवं अक्टोबर-दिसम्बर 2024) में कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर के आकर्षक रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। खरीफ मौसम की फसल के साथ ही अब रबी मौसम की फसल में भी अच्छी वृद्धि दर रहने की सम्भावना है क्योंकि देश के विभिन्न जलाशयों में पानी के संचयन में भारी वृद्धि दर्ज हुई है, जिसे कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए उपयोग किया जा सकेगा। इन्हीं कारणों के चलते वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी मूडीज ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के आर्थिक विकास दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, मूडीज ने पहिले यह अनुमान 6.8 प्रतिशत का लगाया था।

विनिर्माण इकाईयों द्वारा किए गए उत्पादन में अप्रेल-जून 2024 की तिमाही में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी। निर्माण के क्षेत्र में 8.6 प्रतिशत एवं सेवा के क्षेत्र में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। ट्रेड, ट्रान्स्पोर्ट, होटल, टेलिकॉम की ग्रोथ 5.7 प्रतिशत की रही है। विनिर्माण, निर्माण एवं कोर इंडस्ट्री को मिलाकर बनने वाले सेकेण्डरी सेक्टर में वृद्धि दर बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में यह 5.9 प्रतिशत की रही थी जो वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 8.4 प्रतिशत की हो गई है। यह वृद्धि दर देश में निजी उपभोग के बढ़ने की ओर इशारा कर रही है।

विश्व में बहुत लम्बे समय से चल रहे दो युद्धों के बीच भारत की उक्त आर्थिक विकास दर अच्छी विकास दर ही कही जाएगी। एक युद्ध तो रूस यूक्रेन के बीच चल रहा है एवं दूसरा इजराईल एवं हम्मास के बीच चल रहा है। इजराईल के साथ युद्ध में तो लेबनान एवं ईरान भी कूदने को तैयार बैठें हैं। साथ ही, यूरोपीयन देशों में कुछ देशों की आर्थिक विकास दर में कमी होती दिखाई दे रही है। जापान एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं में भी विकास दर में कमी आंकी गई है। जर्मनी एवं चीन भी अपनी अपनी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर को बढ़ाने हेतु संघर्ष करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जापान एवं जर्मनी में यदि विकास की रफ्तार कम होती है एवं भारत की आर्थिक विकास दर यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ती है तो शीघ्र ही भारत, जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जापान एवं जर्मनी ही भारतीय अर्थव्यवस्था से थोड़ा आगे बने हुए हैं।

अर्थ से सम्बंधित कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत सराहनीय प्रगति करता हुआ दिखाई दे रहा है। जैसे -

(1) पिछली तिमाही में भारत के निर्यात में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि वैश्विक स्तर पर यह वृद्धि दर केवल एक प्रतिशत की रही है।

(2) बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों में लगातार वृद्धि दर 15 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है, विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में ऋण की मांग (जुलाई 2024 में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि दर) एवं विनिर्माण के क्षेत्र में ऋण की मांग (जुलाई 2024 में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर) बनी हुई है। इससे देश की अर्थव्यवस्था के तेज गति से आगे बढ़ने के स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे हैं।

(3) वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुलाई 2024 माह के अंत तक समाप्त अवधि के दौरान केंद्र सरकार की कुल आय 10.23 लाख करोड़ रुपए की रही है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय के कुल बजट का 31.9 प्रतिशत है और इसमें 7.15 लाख करोड़ रुपए की करों की मद से आय तथा 3.01 लाख करोड़ रुपए की अन्य मदों से आय भी शामिल है।

(4) इस दौरान केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण में रहा है एवं यह 2.77 लाख करोड़ रुपए तक सीमित रहा है जो वित्तीय वर्ष 2024-25 के कुल बजटीय घाटे का केवल 17.2 प्रतिशत ही है।

(5) इसी प्रकार विदेशी मुद्रा भंडार भी 23 अगस्त 2024 को समाप्त हुए सप्ताह में 702 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 68,168 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नए रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 454 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 67,466 करोड़ अमेरकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था।

(6) जुलाई 2024 माह में 8 कोर सेक्टर (कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी प्रोडक्ट, उर्वरक, इस्पात, सिमेंट एवं बिजली उत्पादन के क्षेत्र) में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत की रही है जो जून 2024 माह में 5.1 प्रतिशत की रही थी।

(7) भारत में प्रत्येक 5 दिनों में एक बिलिनायर (भारतीय नागरिक जिसके पास 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति है) बन रहा है। 2014 में भारत में 109 बिलिनायर थे जो आज बढ़कर 334 हो गए हैं। जिनकी कुल सम्पत्ति 1.9 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है जो सऊदी अरब के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक है। इसी प्रकार, भारत के बिलिनायर की सम्पत्ति भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद के आधे से भी अधिक है। भारत की अर्थव्यवस्था तो प्रत्येक तिमाही में बढ़ रही है परंतु यदि यह सम्पत्ति केवल बिलिनायर की संख्या बढ़ाने के रूप में बढ़ रही है तो यह उचित नहीं कहा जा सकता है क्योंकि इससे तो देश में अमीरों एवं गरीबों के बीच में असमानता की खाई भी बढ़ती जा रही है और इस खाई को शीघ्र ही पाटने के प्रयास किए जाने चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में कम हुई आर्थिक विकास दर को बढ़ाने के उद्देश्य से क्या अब भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कमी कर सकता है। अब यह प्रश्न अर्थशास्त्रियों के मन में उभर रहा है। इस बीच अमेरिका में भी फेड रिजर्व के अध्यक्ष ने अमेरिका में ब्याज दरों को सितम्बर 2024 माह में कम करने के स्पष्ट संकेत दिए हैं। (लेखक - प्रहलाद सबनानी/ईएमएस)

दण्ड संहिता संशोधन - ममता का संवैधानिक अतिक्रमण....?

भारतीय प्रजातंत्र में इससे बड़ा मजाक क्या होगा कि अब राज्य सरकारें संसद के अधिकारों पर अतिक्रमण कर संविधान में संशोधन अपनी विधानसभा के माध्यम से कराये? किंतु अब हमारे संविधान के साथयह मजाक शुरू हो गया है, जिसकी शुरूआत पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने कर दी है, इस राज्य की सरकार ने भारतीय दण्ड संहिता में संशोधन का अधिकार संसद की उपेक्षा कर अपने हाथों में ले लिया तथा दुष्कर्मियों को फांसी देने वाला संविधान संशोधन (दण्ड संहिता संशोधन) वाला प्रस्ताव अपनी विधानसभा से पारित करवा लिया और अब इसे राष्ट्रऋपति की मंजूरी के लिए भेजने का फैसला लेकर पुनः एक बार संसद के अधिकार पर अतिक्रमण की जुर्रत करने की तैयारी की जा रही है, यह भी कहा जा रहा है कि यह कानूनी संशोधन देश के सभी राज्यों पर लागू होगा, आखिर पश्चिम बंगाल सरकार यह सब हमारे संविधान की कौन सी धारा के तहत् करने जा रही है?

यह माना कि कलकत्ता में एक महिला चिकित्सक के साथ घटी घटना राष्ट्रीय शर्म का विषय है और उस पर राष्ट्रव्यापी आक्रोश व्यक्त करना भी सही है, लेकिन इसका मतलब यह तो नही कि पश्चिम बंगाल की सरकार अपनी विधानसभा में संवैधानिक दण्ड प्रक्रिया संहिता में संशोधन का प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति की मंजूरी को भेज दे? संवैधानिक प्रक्रिया के तहत् उसे अपनी विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर संसद तथा केन्द्र सरकार को पारित करवाने के लिए भेजना चाहिए था और उसे संसद से पारित होने तक प्रतीक्षा करनी चाहिए थी, उसके बाद संसद ही दण्ड प्रक्रिया कानून में संशोधन कराने की वैधानिक अधिकारी थी, किंतु यदि हमारी राज्य सरकारें इस तरह संसद व केन्द्र के अधिकार अपने हाथ में लेकर ऐसे प्रस्ताव पारित करेगी तो फिर हमारे संविधान का क्या महत्व रह जाएगा? और फिर हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं का क्या हश्र होगा?

यह एक गंभीर विचार विमर्श का विषय है, जिस पर न सिर्फ केन्द्र व राज्य सरकारों बल्कि हमारे संविधान के जानकार विद्वानों को भी गंभीर विचार करना चाहिए, हमारे संविधान व कानून को राजनीतिक हथियार बनाना और उनके माध्यम से राजनीतिक लड़ाई लड़ना कहां तक उचित है? क्या अब हमारे माननीय राजनेता और उनके राजनीतिक दल अपनी संवैधानिक मर्यादा भी भूल गए? जो उन्होंने संसद, विधानसभा और संविधान व कानून को राजनीतिक संघर्ष का हथियार बना लिया? हमारे राजनेताओं व उनके दलों की इस 'करनी' को कौन सी श्रेणी में रखा जाए? क्या हमारे व्यक्तित्व, राजनीति और उसके साथ हमारी सोच का स्तर इतना गिर गया?

यह एक गंभीर चिंतनीय विषय है, जिस पर सभी को मिल-बैठ कर गंभीर विचार-विमर्श व चिंतन करना चाहिए। (लेखक – ओमप्रकाश मेहता/ ईएमएस)

शक वर्ष का शक का निराकरण

शक तथा संवत्सर का प्रायः समान अर्थ है, किन्तु थोड़ा अन्तर है। चान्द्र तिथि के अनुसार पर्व होते हैं (संक्रान्ति के अतिरिक्त) क्योंकि चन्द्र मन का कारक है-चन्द्रमा मनसो जातः (पुरुष सूक्त)। किन्तु तिथि क्रमागत दिन में नहीं होती है, अतः क्रमागत दिन की गणना के लिए एक अलग व्यवस्था करनी पड़ती है, जिसे शक कहते हैं। एक ही लेखक ने गणना के लिए शक तथा पर्व निर्णय के लिए संवत्सर का प्रयोग किया है। अतः शक-संवत्सर शब्द का कोई अर्थ नहीं है। शक या संवत् कोई भी आरम्भ करने वाले को शक-कर्त्ता कहा गया है।

शक वर्ष का शक जातियों से कोई सम्बन्ध नहीं है। मध्य एशिया, दक्षिण तथा पूर्व यूरोप की बिखरी जातियों को शक कहते थे। ज्योतिर्विदाभरण में रोम के राजा को भी शक कहा है। अल बिरुनी के अनुसार (ण्ह्दिहदत्तुड्ढ र्द्दहम्ग्हू्ॅन्दिहे-्हूर्हिर्तू्र् ड्र र्एिर्म्लि) किसी भी शक राजा ने अपना कैलेण्डर आरम्भ नहीं किया था। वे ईरान या सुमेरिया का कैलेण्डर मानते थे। यदि भारत के पश्चिमोत्तर के शक अपना कैलेण्डर चलाते तो शकारि विक्रमादित्य के काल में उनका कैलेण्डर नहीं चलता। विक्रमादित्य ने अपना स्वयं का कैलेण्डर आरम्भ किया जो आज तक चल रहा है। उनके प्रपौत्र शालिवाहन का शक गणना के लिए व्यवहार होता है, जैसे हेमांगद ठक्कुर की ग्रहण-माला में। केवल पश्चिमोत्तर भारत के बदले कम्बोडिया तथा फिलिपीन के अभिलेखों में भी शालिवाहन शक का प्रयोग है (फिलिपीन का लुगुना अभिलेख)। वहां तक विक्रमादित्य का परोक्ष शासन या प्रभाव का यह प्रमाण है।

शक जातियों का क्षेत्र जम्बू द्वीप का केन्द्र तथा प्लक्ष द्वीप का दक्षिण भाग था। किन्तु शक द्वीप आस्ट्रेलिया था। एक का चिह्न कुश (1) है। यह दो प्रकार से शक्तिशाली हो कर शक होता है-बड़े कुश या स्तम्भ आकार का वृक्ष, या कुशों का गट्ठर। मानसिक रूप से दिनों का समूह या अहर्गण कुश का गट्ठर है जिसे शक कहते हैं। इस अर्थ के कारण कई इतिहासकारों ने लिखा है कि सुमेरिया, मिस्र तथा मेक्सिको के मय 5,000 वर्षों की गणना के लिए प्रतिदिन 1-1 कुश जोड़ते थे। यह व्यवस्था एक वर्ष भी चलाना कठिन है, कुश नष्ट हो जायेगा। 5,000 वर्ष तक कोई भी संस्था या शासन नहीं रहा है। बड़े कुश या स्तम्भ की तरह का मुख्य वृक्ष उत्तर भारत में साल (शक = सखुआ) तथा दक्षिण भारत में टीक (शकवन = सागवान) है। सखुआ हिमालय की तराई में होता है किन्तु विशिष्ट भूमि तथा जलवायु के कारण शकवन की एक शाखा गोरखपुर से रोहतास, पलामू, पश्चिम ओड़िशा से होते हुए दक्षिण ओड़िशा के मलकान (माल्यवन्त) गिरि के बालिमेला तक गयी है जहां भगवान राम ने 7 साल वृक्षों को भेदा था। यह भारत के भीतर लघु शक द्वीप है जहां के शाकद्वीपीय जाती के हैं।

आस्ट्रेलिया में 300 प्रकार के युकलिप्टस वृक्ष स्तम्भ जैसे हैं, अतः इसे शक द्वीप कहते थे। इसका पश्चिमोत्तर भाग गभस्तिमान (पपुआ न्यूगिनी) का एक भाग जम्बू द्वीप में भी वर्णित है।

संवत्सर के भी कई अर्थ हैं-

सम्+ वत् + सरति = समान गति से चलता है। क्रमागत दिन गणना के शक के अनुसार इसकी तिथि चलती है। या समाज इसके अनुसार चलता है।

त्सर छद्म गतौ-के अनुसार पृथ्वी कक्षा या क्रान्तिवृत्त भी संवत्सर है जिस काल में पृथ्वी का एक चक्र होता है। इसका मार्ग हर विन्दु पर मुड़ रहा है। सूर्य से 1 संवत्सर में प्रकाश जितनी दूर तक जाता है, अर्थात सूर्य केन्द्रित 1 प्रकाश वर्ष का गोल संवत्सर है। यह माप कई प्रकार से है-सूर्य व्यास का 157.5 लाख गुणा (विष्णु पुराण, 2/8/4), पृथ्वी व्यास का 2 घात 30 गुणा (ऋग्वेद, 10/189/3) आदि।

पृथ्वी के भीतर 3 तथा बाहर सौरमण्डल में 30 धाम हैं। इन धामों के प्राण 33 देव हैं जिनके चिह्न क से ह तक 33 अक्षर हैं। यह लिपि चिह्न रूप में देवनगर होने से देवनागरी है। संवत्सर गोल 33 देवों का क्षेत्र होने से संवत्सर का अर्थ देव या देवगृह भी है।(लेखक-संजय गोस्वामी/ ईएमएस)

शब्द पहेली - 8122

बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

शब्द पहेली -8121 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

खेल - समाचार

शूटिंग खिलाड़ी चेतन हेमंत सप्कल ने जीता काँस्य

दूसरी वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप में अब तक जीते 3 पदक

भोपाल(ईएमएस)। दूसरी वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप-2024 का आयोजन 29 अगस्त से 8 सितम्बर तक हानॉवर, जर्मनी में किया जा रहा है। खेल अकादमी के खिलाड़ी चेतन हेमंत सप्कल ने 25 मीटर स्टेण्डर्ड पिस्टल के व्यक्तिगत इवेन्ट में काँस्य पदक अर्जित किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ी चेतन हेमंत सप्कल को बधाई दी है। चेतन ने इस प्रतियोगिता में एक रजत, दो काँस्य के साथ कुल 3 पदक अपने नाम कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। मध्यप्रदेश से वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप में 3 पदक जीतने वाले वह पहले खिलाड़ी बन गये हैं।

चेतन इसी वर्ष खेल अकादमी से जुड़े। प्रतिभा चयन कार्यक्रम के माध्यम से चेतन का चयन अकादमी में हुआ। मुख्य प्रशिक्षक पी.एन. प्रकाश और सहायक प्रशिक्षक जयवर्धन के मार्गदर्शन में चेतन राज्य खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत हैं। चेतन ने प्रतियोगिता में मेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेन्ट में रजत, 25 मीटर रेपिड फायर मेन पिस्टल व्यक्तिगत इवेन्ट में काँस्य और 25 मीटर स्टेण्डर्ड पिस्टल व्यक्तिगत इवेन्ट में काँस्य पदक हासिल किया है।

नेशनल तैराकी में दुर्विशा पवार ने एक स्वर्ण सहित 3 पदक जीते

भोपाल(ईएमएस)। केवीएस नेशनल तैराकी प्रतियोगिता-2024 का आयोजन 4 से 7 सितम्बर तक नई दिल्ली स्थित ताल कटोरा स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राज्य ट्रायथलॉन अकादमी भोपाल की खिलाड़ी दुर्विशा पवार ने तैराकी में शानदार प्रदर्शन कर एक स्वर्ण, 2 रजत, इस प्रकार कुल 3 पदक अर्जित किये। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दुर्विशा पवार के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। दुर्विशा पवार खेल अकादमी की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। दुर्विशा पूर्व में जूनियर वर्ल्ड ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। दुर्विशा पवार खेल अकादमी के प्रशिक्षक कैप्टेन मनोज झा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत है।

जूनियर एशियन रोइंग चैम्पियनशिप में 3 खिलाड़ी करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

भोपाल(ईएमएस)। जूनियर एशियन रोइंग चैम्पियनशिप का आयोजन 11 से 15 सितम्बर तक शेनयान चीन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारतीय टीम में मध्यप्रदेश राज्य रोइंग अकादमी के 3 खिलाड़ी और एक प्रशिक्षक चयनित हुए हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों में डबल स्कल इवेन्ट में हरिओम ठाकुर, क्वर्टर पुल स्कल्स में जिज्ञासा रैगर और संतोष यादव एवं राज्य खेल अकादमी के सहायक प्रशिक्षक रतीश डी.बी. भी शामिल हैं।

प्रतियोगिता में एशिया की सभी टॉप टीमें भागीदारी करेंगी। खेल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अर्जुन अवार्डी कैप्टेन दलबीर सिंह का विश्वास है कि चयनित खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में पदक की उम्मीद की जा रही है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के पहले जमकर अभ्यास भी किया है। भारतीय टीम में चयनित खेल अकादमी के रोइंग खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बेहतर प्रदर्शन के लिये शुभकामनाएँ दी हैं।

भारतीय हॉकी टीम आज अपने अभियान की शुरुआत चीन के खिलाफ मुकाबले से करेगी

बीजिंग (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम रविवार से यहां मेजबान चीन के मोकी ट्रेनिंग बेस में शुरु होने वाली हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के इरादे से उतरेंगी। भारतीय टीम यहां अपने अभियान की शुरुआत पहले ही दिन चीन के खिलाफ मुकाबले से करेगी। भारतीय टीम इस बार भी यहां जीत दर्ज कर अपना खिताब बरकरार रखने का प्रयास करेगी। इस टूर्नामेंट में भारत को जापान, पाकिस्तान, कोरिया के साथ ही गत उपविजेता मलेशिया से कड़ी टक्कर मिलेगी।

भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में पिछले चार खिताब जीत है। जिससे भी उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। इसके अलावा भारतीय टीम ने लगाता दूसरी बार ओलंपिक कांस्य पदक भी जीता है। ऐसे में भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह यहां एक बार फिर टीम को जीत दिलाकर एशिया में अपना दबदबा बनाये रखना चाहेगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही शुरुआत हासिल करने में सहायता की जिसका लाभ हुआ और हम पेरिस ओलंपिक खेलों में जीत हासिल कर तीसरा स्थान बनाये रखने में सफल रहे।

इस बार भी हम इस टूर्नामेंट को जीतकर नए सिरे से ओलंपिक चक्र शुरू करना चाहते हैं हालांकि इस टूर्नामेंट में हमारे ओलंपिक टीम के दस खिलाड़ी ही खेल रहे हैं पर इस बार टीम में शामिल युवा खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर प्रभावित करना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारे आक्रमण और पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं पर हम जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ एक विशेष रणनीति से खेलना चाहते हैं।

भारतीय महिला पहलवान निकिता ने जीता रजत, नेहा को मिला कांस्य

पोंटेवेद्रा (ईएमएस)। भारत की दो महिला पहलवानों ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए रजत और कांस्य पदक जीते हैं। निकिता ने के 62 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत जबकि नेहा ने 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। निकिता को फाइनल में यूक्रेन की पहलवान इरीना बोंदर के हाथों 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं नेहा को 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में हंगरी की गेरडा टेरेक ने 10-8 से हराया।

इसी के साथ ही भारत ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित कुल पांच पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं भारत की ही ज्योति बेरवाल ने यहां महिलाओं की 76 किलोग्राम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जबकि कोमल ने महिला 59 किग्रा और सृष्टि ने महिला 68 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

डीआरएस से बल्लेबाजों को तकनीक सुधारने में सहायता मिलेगी : अश्विन

बेंगलुरु (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि घरेलू क्रिकेट सत्र में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) लाने से होने वाला लाभ आने वाले दिनों में दिखने लगेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां दलीप ट्रॉफी से शुरु हुए घरेलू सत्र में डीआरएस तकनीक का इस्तेमाल शुरु कर दिया है। अश्विन के अनुसार डीआएस आने से बल्लेबाजों को अपनी तकनीक में सुधार करने में सहायता मिलेगी।

अश्विन ने कहा कि दिलीप ट्रॉफी में भारत डी की ओर से खेले रहे बल्लेबाज रिकी भुई की बल्लेबाजी तकनीक की कमजोरी डीआरएस से ही सामने आई। इसमें दिखा कि उन्होंने पैड के पीछे बल्ला रखा जिसके आउट होने में अहम भूमिका निभाई। इसलिए घरेलू क्रिकेट के लिए डीआरएस केवल एलबीडब्लू को लेकर सही फैसले लेने के लिए ही नहीं बल्कि बल्लेबाज की तकनीकी कमी को सामने लायेगा।

अश्विन ने कहा, डीआरएस से पहले के दिनों में बल्लेबाजों को एलबीडब्लू की अपील पर संदेह का लाभ मिलता था इसलिए इसलिए उसे नॉट आउट दिया जाता था क्योंकि वे फ्रंट फुट पर आ जाते थे। वहीं अब अपने बल्ले को पैड के पीछे रखना नुकसान रहेगा। ऐसे में एक ही गलती दोहराने के कारण उसका करियर भी खतरे में आ सकता है।

ओली पोप ने शतकों का अनौखा रिकार्ड बनाया

द ओवल (ईएमएस)। इंग्लैंड की कप्तानी कर रहे ओली पोप ने श्रीलंका के खिलाफ यहां खेले जा रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन शतक लगाने के साथ ही एक अनौखा रिकार्ड अपने नाम किया है। ओली का ये सातवां शतक है। उन्होंने अपने ये शतक सभी सात अलग अलग टीमों के खिलाफ बनाए हैं और ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने श्रीलंका से पहले दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, भारत, वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 शतक लगाये थे। ओली ने अपनी 103 रन की पारी में कुल 13 चौके और 2 छक्के लगाए।

इस मैच में बेन डकेट ने भी 86 रनों की पारी खेली पर वह शतक नहीं लगा पाये। उन्होंने अपनी इस पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। वह मिलन रत्नायके का शिकार बने। इंग्लैंड ने पहले ही ओल्ट ट्रैफर्ड और लाड्र्स पर दो टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

दलाल स्ट्रीट हुआ लाल पांच लाख करोड़ रुपये स्वाहा

सितंबर में अब तक अमेरिकी बाजार नहीं चढ़ा

मुंबई (ईएमएस)। शेयर बाजार के लिए यह महीना अब तक अच्छा नहीं रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार इस माह में अब तक एक भी दिन नहीं चढ़ा है। एक हफ्ते में ही एसएंडपी 500 इंडेक्स में शामिल कंपनियों का मार्केट कैप 2.2 ट्रिलियन डॉलर कम हो चुका है। ऐतिहासिक रूप से सिंतबर का महीना शेयर मार्केट्स के लिए अच्छा नहीं रहता है। यहां वहीं महीना रहा है जब शेयर मार्केट्स ने औसत निगेटिव रिटर्न दिया है। शुक्रवार को भारत सहित दुनियाभर के शेयर मार्केट में गिरावट आई। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 1,200 अंक तक गिरा जिससे निवेशकों के पांच लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए।

अमेरिकी कंपनियों में सबसे ज्यादा गिरावट एलन मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में रही। कंपनी के शेयरों में 8.45 फीसदी गिरावट आई। इसके साथ ही कंपनी दुनिया की सबसे ज्यादा मूल्यवान कंपनियों की लिस्ट में 11वें नंबर पर पहुंच गई। एनवीडिया और गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयरों में चार फीसदी से अधिक गिरावट देखी गई। जबकि ऐमजॉन और फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के शेयर तीन फीसदी से ज्यादा लुढ़क गए।

इस गिरावट से अमेरिका के टॉप अरबपतियों की नेटवर्थ में भी गिरावट आई। मस्क को सबसे ज्यादा 13 अरब डॉलर का भारी नुकसान हुआ।

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी कोषों की ताजा निकासी की वजह से घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स 1,017 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी ने 293 अंक का गोता लगाया। यह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में एसबीआई में सर्वाधिक चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। इसके अलावा एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी नुकसान रहा। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जानकारों का कहना है कि घरेलू बाजार में निकट अवधि का रुझान अमेरिका में रोजगार के आगामी आंकड़ों से प्रभावित होगा।

पीएम मोदी का मुस्लिम देशों की ओर झुकाव, पाकिस्तान जला

-बिजनेसमैन साजिद बोले- भारत कर रहा तरक्की, हम आपस में लड़ रहे हैं

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। भारत से करीब आठ हजार किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व एशिया में एक देश है ब्रुनेई। जहां का हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी ने दौरा किया था। करीब साढ़े चार लाख की आबादी वाला ब्रुनेई मुस्लिम देश है। यहां के सुल्तान हसनल बोल्किया ने पीएम मोदी को ब्रुनेई आने की दावत दी थी। नरेंद्र मोदी भारत के पहले पीएम हैं, जिन्होंने ब्रुनेई देश का दौरा किया।

पीएम मोदी के ब्रुनेई दौरे की पाकिस्तान में खूब चर्चा हो रही है। एक मुस्लिम देश की भारत से नजदीकी ने पाकिस्तान को हैरान कर दिया है। पाकिस्तान में विशेषज्ञ इस बात पर चिंता जता रहे हैं कि पीएम मोदी लगातार मुस्लिम देशों से संबंध सुधार रहे हैं। वहीं पाकिस्तानी विशेषज्ञ कमर चीमा ने भारत की बढ़ती ताकत को लेकर अमेरिका में बसे पाकिस्तानी मूल के राजनेता और बिजनेसमैन से साजिद तरार से बात की।

इसके साथ ही कमर ने सवाल भी उठाया कि आखिर पाकिस्तान अपने पड़ोसी भारत से इतना पीछे कैसे हो गया। कमर ने कहा कि पीएम मोदी ने मुस्लिम देशों में जाना तेज कर दिया है। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि ब्रुनेई के अंदर भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो का स्टेशन भी मौजूद है।

बिजनेसमैन साजिद ने पीएम मोदी के सिंगापुर दौरे का भी जिक्र किया और कहा कि वहां दोनों देशों के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारत दक्षिणी चीन सागर के देशों में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। साजिद ने आगे कहा कि आज देखा जाए तो भारत तरक्की कर रहा है। चीन भी आगे बढ़ रहा है लेकिन चीन अपनी चालबाजियों से ऐसा कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान लगातार गर्त में जा रहा है क्योंकि हम आपस में ही लड़ रहे हैं।

कमर ने कहा कि ब्रुनेई की आबादी पांच लाख से भी कम है लेकिन भारत इतने छोटे से देश को भी महत्व दे रहा है। उन्होंने तंज कसा कि शायद पाकिस्तान को पता भी नहीं होगा कि ब्रुनेई दुनिया के नक्शे में कहां स्थित है। इस पर साजिद ने कहा पीएम मोदी का ब्रुनेई दौरा बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि भारत ब्रुनेई से तेल लेता है। इसके अलावा वह ब्रुनेई के साथ सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर कर रहा है। ब्रुनेई और भारत दोनों का चीन दुश्मन है। दक्षिणी चीन सागर में चीन की आक्रामक गतिविधियां ब्रुनेई के लिए खतरा बनी हैं।

बांग्लादेश में हिंसा के बाद अब राष्ट्रगान और झंडे को लेकर लोग सड़कों पर उतरे

-बदीउर्रहमान ने कहा- राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान हमारी पहचान, नहीं बदलने देंगे

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी अंतरिम सरकार में बहुत कुछ बदला जा रहा है। वहीं अब कुछ संगठनों की राष्ट्रगान और झंडे को बदलने की मांग के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं। बांग्लादेश के प्रमुख सांस्कृतिक संगठन उडिच्ची शिल्पी गोष्ठी के अध्यक्ष प्रोफेसर बदीउर्रहमान ने नए राष्ट्रगान और झंडे की मांग के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किया।

राजधानी ढाका में उडिच्ची शिल्पी और कुछ दूसरे संगठनों ने कहा कि देश के राष्ट्रगान और राष्ट्रध्वज के खिलाफ एक साजिश रची जा रही है। एक मुहिम के तहत झंडे और राष्ट्रगान पर हमले हो रहे हैं। ऐसी किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उडिच्ची शिल्पी गोष्ठी ने जमात-ए-इस्लामी के नेताओं के बयान के विरोधों में ये प्रदर्शन किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के लिखे राष्ट्रगान को गाकर और झंडा फहराकर अपनी एकजुटता दिखाई।

बदीउर्रहमान ने कहा कि 1971 का मुक्ति संग्राम हमारा सबसे बड़ा गौरव है और हम इसके खिलाफ किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। हमारा राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज हमारी उपलब्धि है, जिसके लिए लाखों लोगों ने अपनी कुर्बानियां दी हैं। खून और बलिदान के बदले में अर्जित किए गए गौरव को हम ऐसे ही नहीं बदलने दे सकते।

बदीउर्रहमान ने कहा कि हम देश की गौरवशाली उपलब्धि को धूमिल नहीं होने देंगे। जब भी हम अपने मुक्ति संग्राम, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान के खिलाफ कोई साजिश देखेंगे तो आवाज उठाएंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मुक्ति संग्राम, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान हमारी पहचान है, इसके बिना हम अधूरे हैं। ऐसे में अपनी पहचान के लिए हम लड़ेंगे।

बांग्लादेश में राष्ट्रगान और झंडे पर विवाद के बीच जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश के नेता का हालिया बयान है। बता दें विगत दिवस जमात-ए-इस्लामी के पूर्व अमीर गुलाम आजम के बेटे अब्दुल्लाहिल अमान आजमी ने कहा था कि देश के पुराने राष्ट्रगान की जगह नया राष्ट्रगान आना चाहिए। आजम ने बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई पर भी सवाल उठाए। इस पर देश के कई संगठन भड़के गए।

टोर्नेडो कैश के जरिए हैकर्स ने एथेरियम ईटीएफ की लूट की

नई दिल्ली (ईएमएस)। 2,000 करोड़ रुपए (लगभग 234 मिलियन) की वजीर एक्स चोरी के पीछे के हैकर्स ने चुराए गए डिजिटल संपत्तियों को निकालना शुरू कर दिया है और टोर्नेडो कैश प्लेटफॉर्म के माध्यम से 12 मिलियन डॉलर से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग की है। रिपोर्ट के अनुसार, टोर्नेडो कैश के जरिए हैकर्स ने 12 मिलियन डॉलर से अधिक की एथेरियम (ईटीएफ) की लूट की है, जिसमें लगभग 2 मिलियन डॉलर की ईटीएफ की जमा भी शामिल है। हैकर ने 5,000 ईटीएफ (जिसकी कीमत 12 मिलियन है) को एक नए पते पर ट्रांसफर किया है और चुराए गए फंड्स की मनी लॉन्डरिंग के टोर्नेडो कैश माध्यम से शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, वजीर एक्स हैकर्स की मनी लॉन्डरिंग तकनीक उत्तर कोरिया समर्थित समूह की तकनीक से मिलती-जुलती है, जो वैश्विक क्रिप्टो चोरी के मामलों में शामिल है।

वजीर एक्स ने स्वीकार किया है कि इसके लगभग 43 प्रतिशत उपयोगकर्ता डिजिटल संपत्तियों की चोरी के कारण अपने पैसे खो सकते हैं। प्लेटफॉर्म ने कहा है कि ग्राहकों को संभवत: अपने निवेश का 43 प्रतिशत हिस्सा खोना पड़ सकता है। वजीर एक्स ने सिंगापुर हाईकोर्ट से छह महीने की सुरक्षा की मांग की है जबकि वह अपने दायित्वों का पुनरवर्गन कर रहा है।

भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज कॉइनस्वि ने वजीर एक्स पर मुकदमा दायर किया है ताकि शेटटी द्वारा संचालित प्लेटफॉर्म पर फंसे हुए फंडों की वसूली हो सके। विशेषज्ञों के अनुसार, इस साइबर अपराध के पैमाने को देखते हुए एक गहन जांच की आवश्यकता है। यह मामला भारत में क्रिप्टो ट्रेडिंग के लिए प्रभावी नियमन और नियमों की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करता है।

सुनीता विलियम्स के बिना स्पेसक्राफ्ट धरती पर लौटा

-स्टारलाइनर की रेगिस्तान में लैंडिंग, नासा ने खराबी के चलते खाली वापस लाने का फैसला किया था

न्यूयार्क(ईएमएस)। एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विलमोर को स्पेस स्टेशन ले जाने वाला स्पेस क्राफ्ट 3 महीने बाद धरती पर सुरक्षित लैंड हो गया है। 3 बड़े पैराशूट और एयरबैग की मदद से इसकी लैंडिंग हुई। स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार सुबह 3:30 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ था। इसको धरती पर आने में करीब 6 घंटे लगे। स्टारलाइनर ने 9 बजकर 15 मिनट पर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। तब इसकी गति करीब 2,735 किमी प्रति घंटा थी। यह सुबह 9 बजकर 32 मिनट पर अमेरिका में न्यू मैक्सिको के व्हॉइट सैंड स्पेस हॉर्बर (रेगिस्तान) में लैंड हुआ।

बोइंग कंपनी ने नासा के लिए यह स्पेसक्राफ्ट बनाया है। 5 जून को सुनीता और बुच को इससे ढ्रुस्‌ पर भेजा गया था। यह सिर्फ 8 दिन का मिशन था, लेकिन इसके सुरक्षित लौटने पर कई तरह की आशंकाएं थीं। स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कतों और हीलियम गैस के रिसाव की जानकारी सामने आई थी। नासा ने 24 अगस्त को बताया था कि स्टारलाइनर में सेफ्टी इश्यूज की वजह से बुच और सुनीता को इससे वापस धरती पर नहीं लाया जाएगा। स्पेसक्राफ्ट खाली ही वापस लौटेगा। जबकि सुनीता और बुच को इलॉन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाया जाएगा।

कमला हैरिस बनेंगी अमेरिका की अगली राष्ट्रपति -इतिहासकार एलन लिचमैन की भविष्यवाणी

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी चुनाव को लेकर भविष्यवाणी करने वाले एक चर्चित इतिहासकार एलन लिचमैन (77 साल) ने कमला हैरिस की जीत का दावा किया है। उनका दावा इसलिए भी अहम है क्योंकि पिछले 40 साल में की गई उनकी 10 में से 9 भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं। लिचमैन उन चंद लोगों में शामिल थे जिन्होंने 2016 में ट्रम्प के जीतने की भविष्यवाणी की थी। इस पर ट्रम्प ने उनकी तारीफ की थी। हालांकि बीते जुलाई में जब बाइडेन राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर हुए तो उन्होंने इस फैसले को डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए एक बड़ी गलती करार दिया था।

डेढ़ महीने बाद अब लिचमैन के सुर बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि 5 नवंबर को होने वाले चुनाव में हैरिस की जीत तय है। लिचमैन चुनाव से जुड़ी भविष्यवाणी किसी सर्वे के आधार पर नहीं करते बल्कि अपने 'कीज टू द व्हाइट हाउस मॉडल' के आधार पर करते हैं। इसे उन्होंने 1981 में अपने दोस्त व्लादिमीर केइलिस-बोरोक के साथ विकसित किया था। यह मॉडल पिछले 120 साल में हुए सभी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के नतीजे के आधार पर तैयार किया गया था। इसके आधार पर वे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की 1984 से भविष्यवाणी कर रहे हैं। इस मॉडल के तहत वो उम्मीदवारों को 13 कसौटियों पर परखते हैं। इन कसौटियों में मिडटर्म इलेक्शन, इनकम्बेंसी, प्राइमरी चुनाव, स्वतंत्र उम्मीदवार, शॉर्ट टर्म इकोनॉमी, लॉन्ग टर्म इकोनॉमी, पॉलिसी चेंज, व्हाइट हाउस स्कैंडल, विदेश नीति में असफलता, विदेश नीति में सफलता, विपक्षी उम्मीदवार का करिश्मा, सत्ताधारी उम्मीद वार की खूबी जैसे फैक्टर्स शामिल हैं।

8 कसौटियों पर कमला हैरिस आगे

लिचमैन के मुताबिक 13 में से 8 कसौटियों पर कमला हैरिस आगे हैं। यही वजह है कि उनके जीतने के चांसेज ज्यादा हैं। वहीं, 3 कसौटियों पर ट्रम्प आगे हैं। 2 का जवाब अभी तक नहीं मिला है। लिचमैन का कहना है कि उन्होंने 2000 के चुनाव में डेमोक्रेट प्रत्याशी अल गोर के जीत की भविष्यवाणी की थी जो सटीक नहीं रही। हालांकि तकनीकी रूप से देखा जाए को उनकी ये भविष्यवाणी भी सही थे। गोर ने उस चुनाव में पॉपुलर वोट जीता था। इलेक्टोरल वोट का फैसला अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा किया गया था। दरअसल, उस साल दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। दोनों की जीत फ्लोरिडा के परिणाम पर टिकी थी। यहां भी मामला लगभग बराबरी पर चला गया, जिसके बाद मामला कोर्ट पहुंच गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 36 दिन के बाद 5-2 के अंतर से जॉर्ज डब्ल्यू बुश के पक्ष में फैसला सुनाया था। लिचमैन पॉलिटकल भविष्यवाणियों के अलावा इकॉनोमी, घोटालों और विदेश नीति की नाकामी और उसकी कामयाबी का भी अनुमान लगा चुके हैं।

वॉल स्ट्रीट में फिर भारी गिरावट, चिंतित दुनिया भर के निवेशक

नई दिल्ली (ईएमएस)। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में फिर भारी गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी रोजगार बाजार के बारे में बहुप्रतीक्षित अपडेट इतना कमजोर आया। इसके बाद में पहले ऊंची छलांग लगाने वाले प्रौद्योगिकी शेयरों को फिर से नुकसान उठाना पड़ा।

इससे अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एसएंडपी 500 में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई और यह मार्च, 2023 के बाद से इसका सबसे खराब सप्ताह रहा। ब्रॉडकॉम, एनवीडिया और अन्य प्रौद्योगिकी कंपनियों ने बाजार को नीचे गिरा दिया, क्योंकि इस बात की चिंता बनी हुई थी कि कृत्रिम मेधा (एआई) के इर्द-गिर्द उछाल में उनकी कीमतें बहुत अधिक बढ़ गई थीं, और उन्होंने नैस्डैक कंपोजिट को बाजार में 2.6 प्रतिशत तक नीचे खींच लिया। सुबह की 250 अंकों की बढ़त को खत्म करने के बाद डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल औसत में 410 अंक या एक प्रतिशत की गिरावट आई।

रोजगार रिपोर्ट आने के बाद बॉन्ड मार्केट में भी तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जहां ट्रेजरी यील्ड में गिरावट आई, फिर सुधार हुआ और फिर गिरावट आई। रिपोर्ट में दिखाया गया कि अगस्त में अमेरिकी नियोक्ताओं ने अर्थशास्त्रियों की अपेक्षा से कम कर्मचारियों को काम पर रखा।

इसे साल की सबसे महत्वपूर्ण रोजगार रिपोर्ट के रूप में पेश किया गया था, और इसने लगातार दूसरे महीने दिखाया कि भर्ती पूर्वानुमानों से कम रही। इसके बाद हाल ही में विनिर्माण और अर्थव्यवस्था के कुछ अन्य क्षेत्रों में कमजोरी दिखाने वाली रिपोर्ट भी आई।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार नए रिकॉर्ड के साथ 683.987 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त तक 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जारी आंकड़ों में बताया गया है कि इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। आरबीआई के मुताबिक 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं।

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 86.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.859 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 90 लाख डॉलर बढ़कर 18.468 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.622 अरब डॉलर हो गया।

त्योहारी सीजन शुरु होते ही सोने और चांदी की कीमतें बढ़ीं

नई दिल्ली (ईएममएस)। घरेलू बाजार में त्योहारी सीजन शुरु होते ही सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया है। शुनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोने की कीमतें बढ़ी हैं। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,470 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। वहीं मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,320 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंची। दूसरी ओर चांदी की कीमतों में भी तेजी आई है। ये अब 87,100 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गयी हैं।

दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत 67,360 प्रति 10 ग्राम, वहीं 24 कैरेट सोना73,470 प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। मुंबई में 22 कैरेट सोना?67,210 प्रति 10 ग्राम, 24 कैरेट सोना?73,320 प्रति 10 ग्राम। अहमदाबाद में 22 कैरेट सोना 67,260 प्रति 10 ग्राम, 24 कैरेट सोनाः 73,370 प्रति 10 ग्राम है। जयपुर और लखनऊ में 22 कैरेट सोना 67,360 प्रति 10 ग्राम, 24 कैरेट सोना 73,470 प्रति 10 ग्राम पर है। इसके अलावा चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु में 22 कैरेट सोना 67,210 प्रति 10 ग्राम, 24 कैरेट सोना 73,320 प्रति 10 ग्राम पर है। पटना में 22 कैरेट सोना 67,260 प्रति 10 ग्राम, 24 कैरेट सोना 73,370 प्रति 10 ग्राम पर है। भुवनेश्वर और हैदराबाद में 22 कैरेट सोना 67,210 प्रति 10 ग्राम, 24 कैरेट सोना 73,320 प्रति 10 ग्राम पर है।

माना जा रहा है त्योहार शुरु होने से कीमतों अभी और बढ़ेंगी। ये 76,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर जा सकती हैं। सोने की कीमतों में तेजी का मुख्य कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 18 सितंबर को होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं हैं।

चांदी की मांग बढ़ने से चांदी की कीमतों में तेजी

90000 रुपए तक जाएगी चांदी की कीमत

नई दिल्ली (ईएमएस)। दुनिया भर के देशों में औद्योगिक मांग के चलते चांदी का उपयोग बढ़ता क्या रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी की मांग बढ़ रही है। 5जी तकनीकी, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल और मेडिकल उपकरणों में चांदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है।

वैश्विक स्तर पर चांदी की मांग ज्यादा है। उस तुलना में आपूर्ति कम हो रही है। जिसके कारण बाजारों में चांदी के दामों में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। 2023 में मांग की तुलना में 4026 टन कम चांदी की आपूर्ति हुई थी। 2024 में 7513 टन चांदी की कम आपूर्ति होने की संभावना है। जिसके कारण चांदी के दाम 90000 रुपए किलो तक पहुंचने की बाजार में धारणा है। अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के भाव 83338 रुपए पर हैं। जो इस साल के अंत तक 90000 पर पहुंच जाएंगे। जिसके कारण बाजार में चांदी के दाम में तेजी बनी हुई है।

रूसी पत्रिका ने कवर पेज पर दी पीएम मोदी को जगह.....विरोधियों को जबाव

मास्को (ईएमएस)। रूसी पत्रिका के कवर पर पीएम मोदी की तस्वीर नजर आई। व्लादीवोस्तक में आयोजित ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में इसकी खूब चर्चा हुई। इस मैगजीन में पीएम मोदी की जीवनयात्रा को दिखकर मैगजीन की एडिशन उनके नाम कर दी। जिसमें बताया गया कि कैसे नरेंद्र मोदी ने गुजरात से अपना सफर शुरू किया और फिर वे देश के प्रधानमंत्री बने। इसमें पीएम मोदी का अनूठा मार्ग और राष्ट्रवाद व प्रगति शीर्षक वाले लेख में पश्चिमी दबाव के आगे झुकने से इंकार करने के लिए मोदी की खूब तारीफ की गई है। लेख में प्रधानमंत्री मोदी को गुजराती टाइगर और रूस का मित्र बताया गया है। इसमें पीएम मोदी की खूब तारीफ की गई है।

बताया गया है कि इस मल्टीपोरल और मल्टीलैटरल दुनिया में उन्होंने पश्चिमी दबाव के आगे झुकने से मना कर दिया। इसकारण मैगजीन ने अपने कवर पेज पर जगह दी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच कई समानताएं दिखाई गई हैं। बताया गया है कि दोनों ही अपने देशों को मूल सभ्यताएं कहते हैं। जिन्हें विकास के लिए एक विशेष मार्ग का अधिकार है। दोनों ही पश्चिम की आलोचना कर एक बहुध्रुविया दुनिया की वकालत करते हैं। साथ ही वैश्विकरण के संरक्षण का समर्थन करते हैं। दोनों ही राजनेता दक्षिणपंथी उदारवादी रूढिवादी हैं जो बाजार क्षमता के साधनों का उपयोग करके अपने लोगों को पारंपरिक मूल्यों की ओर मोड़ते हैं।

पात्रिका के लेख में कहा गया कि मोदी पुतिन की तरह की वाशिंगटन के विरोधियों चाहे वे ईरान हो या म्यांमार के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने से नहीं डरते।

इसके अलावा दोनों ही नेताओं के बीच साझा किए गए बेहतरीन तालमेल पर प्रकाश डाला गया है। लेख में बताया गया कि मोदी ने साल 2014 से छह बार रूस का दौरा किया है। इसी दौरान उनकी पुतिन से 22 बार बात की है। लेख में मोदी की मास्को यात्रा को पुतिन के लिए पूर्ण और बिना शर्त कूटनीतिक जीत बताया गया है, क्योंकि यह नाटो सहयोगियों के मुंह पर तमाचा था, जो रूस को अलग-थलग करने में सफल होने का दावा करते हैं।

कवर स्टोरी ने रूस-भारत रक्षा साझेदारी की निरन्तर मजबूती के बारे में आशा व्यक्त की गई है तथा कहा गया है कि ब्रह्मोस मिसाइल के संयुक्त विकास के साथ जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं, उससे भारत काफी खुश है।

स्कूल और आवासीय इमारत पर हमला......13 फ़िलिस्तीनी मारे गए

गाजा (ईएमएस)। फिलिस्तीनी प्राधिकरण की लोकल मीडिया ने शनिवार सुबह रिपोर्ट दी कि गाजा में शरणार्थियों को शरण देने वाले एक स्कूल और एक आवासीय इमारत पर इजरायली हमलों में करीब 13 फ़िलिस्तीनी मारे गए और 15 घायल हो गए। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि मृतकों में से करीब आठ उत्तरी गाजा के जबालिया में हलीमा अल-सादिया स्कूल में शरणार्थी तंबू में थे। इज़रायली सेना ने कहा कि उसने उन आतंकवादियों पर सटीक हमला किया था जो एक परिसर के अंदर बने हमास कमांड और कंट्रोल सेंटर के अंदर काम कर रहे थे, जो पहले उत्तरी गाजा पट्टी में हलीमा अल-सादिया स्कूल के रूप में काम करता था।

एक अलग घटना में मध्य गाजा में नुसीरात शिविर में एक आवासीय इमारत पर इजरायली हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमास-शासित क्षेत्र पर इजरायल के बाद के हमले में 40,800 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि 2.3 मिलियन की लगभग पूरी आबादी विस्थापित हो गई, जिससे भूख का संकट पैदा हो गया और विश्व न्यायालय में नरसंहार के आरोप लगे, जिससे इजरायल इंकार करता है।

फलस्तीन के पश्चिमी तट पर बस्ती बसाने के खिलाफ शुक्रवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल एक अमेरिकी महिला को इजराइली सैनिकों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, दो चिकित्सकों ने बताया कि महिला के सिर में गोली मारी गई। अमेरिक के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने तुर्किये में जन्मीं 26 वर्षीय महिला आयसेनुर एजगी ईगी की मौत की पुष्टि की। उन्होंने यह नहीं बताया कि उसे इजराइली सैनिकों ने गोली मारी या नहीं। व्हाइट हाउस ने कहा कि वह एक अमेरिकी नागरिक की हत्या से 'बहुत परेशान' है।

भारतीयों को वीजा देने में आनाकानी, भारत ने ट्रूडो सरकार को फटकारा

ओटावा (ईएमएस)। भारतीयों की वीजा देने में भेदभाव करने वाली कनाडा की ट्रूडो सरकार को भारत ने झाड़ दिया है। भारत ने कनाडा से भारतीयों की प्राथमिकता और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को देखकर वीजा गतिविधि में पारदर्शिता और गति लाने को कहा है। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में कनाडा की 12वीं व्यापार नीति समीक्षा चर्चा के दौरान यह मुद्दा उठाया। खालिस्तानी अलगाववादियों के मुद्दे पर भारत से तनाव के ट्रूडो सरकार भारतीयों को वीजा देने में आनाकानी कर रही है। भारत से पढ़ाई के लिए जाने वाले युवा इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

डब्ल्यूटीओ में समीक्षा चर्चा के दौरान भारत ने कहा, कनाडा उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। भारत ने कनाडा में भारतीयों को धमकी का मुद्दा भी उठाया। भारत ने कहा, कनाडा में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के मुद्दों को भी उचित रूप से संबोधित किया जाना चाहिए, जिसमें आवास, धमकी की घटनाएं और सुरक्षा आदि शामिल हैं।

भारत की पर्यटन सांख्यिकी रिपोर्ट 2022 के उपलब्ध अनुमानों के अनुसार, 18 लाख छात्रों के साथ कनाडा भारतीयों के लिए विदेश में पढ़ाई के लिए दूसरा सबसे पसंदीदा स्थान था। डब्ल्यूटीओ में भारत ने कपड़े, ड्रेस, ज्वैलरी और रत्नों के साथ चमड़े और जूतों के क्षेत्र में कनाडा द्वारा लगाए गए उच्च शुल्कों पर भी विशेष रूप से चिंता व्यक्त की। इसमें कहा गया कि इन क्षेत्रों में कनाडा मुख्यतः आयात पर निर्भर है और विकासशील देश मुख्य रूप से इन वस्तुओं का निर्यात कनाडा को करते रहे हैं।

ट्रूडो सरकार ने देश में बाहर से आने वाले प्रवासियों की संख्या में कमी लाने की घोषणा की है। कनाडा का आव्रजन विभाग तेजी से वीजा आवेदनों को खारिज कर रहा है। इसके साथ ही तेजी से विदेशी नागरिकों को वापस भी भेजा जा रहा है।

पसीने से लगेगा बीमारियों का पता

नई दिल्ली (ईएमएस)। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के सेन डिएगो के जैकब्स स्कूल आफ इंजीनियरिंग के शोधकर्ताओं ने एक ऐसी पट्टी तैयार की है। जो पसीने में मौजूद रसायनों को बिजली मैं बदल देते हैं। यह बिजली बैटरी में संग्रहित कर चार सेंसर के माध्यम से खून में ग्लूकोज, विटामिन सी, पर्किसन रोग के बारे में पता करके इसे ब्लूटूथ के माध्यम से ट्रांसफर कर देती है। इस पद्धति से तुरंत बीमारी के स्तर का पता लग जाता है।

